अमर उजाला

16-10-2024

कार्यशाला में विद्यार्थियों को रिज्यूम बनाना सिखाया

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में मंगलवार को कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) की ओर से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला-एक के दूसरे सत्र का विषय रेज्यूमे राइटिंग एवं इंटरव्यू स्किल्स रहा। प्रो जस्मीता ने मंच का सफल संचालन किया। डॉ. कमलप्रीत कौर ने रिसोर्स पर्सन की अहम भूमिका निभाई एवं बीबीए तृतीय वर्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष और एमबीए के विद्यार्थियों को विषय संबंधी जानकारी दी। एमबीए विभागाध्यक्ष एवं सीआरसी यूनिट की चेयरपर्सन डॉ. भारती सुजान ने सभी से कहा कि प्रोफेशनल कोर्सेज के बाद अच्छी कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए बेहतरीन ढंग से बनाया रिज्यूम ही सबसे अहम कदम है। लगभग 70 विद्यार्थी कार्यशाला में लाभान्वित हुए। संवाद